भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2572
उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024

भारतनेट और यूएसओएफ

2572. श्री बसवराज बोम्मई:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) सरकार द्वारा 2014 से 2024 तक यूनिवर्सल कनेक्टिविटी और डिजिटल इंडिया पहलों के अंतर्गत प्राप्त विशिष्ट परिणाम क्या हैं, जिसमें ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंच, सेवाओं की सुलभता और डिजिटल संपर्क में सुधार शामिल हैं;
(ख) भारतनेट और यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) योजनाओं के अंतर्गत जोड़े गए गांवों की कर्नाटक सहित राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ग) उक्त योजना के अंतर्गत लंबित लक्ष्यों की राज्य-वार वर्तमान स्थिति क्या है;
(घ) क्या स्थानीय अर्थव्यवस्था और वंचित क्षेत्रों में रोजगार और तकनीकी विकास पर इन पहलों के प्रभाव की निगरानी के लिए कोई उपाय किया गया है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) सरकार ने सार्वभौमिक कनेक्टिविटी के अंतर्गत डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) [पूर्व में सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि] से वित्तपोषण के साथ विभिन्न पहल और परियोजनाएँ शुरू की हैं। इसका विवरण डिजिटल भारत निधि की वेबसाइट (https:usof.gov.in/en/home) पर उपलब्ध है।

(ख) से (ग) भारतनेट परियोजना के तहत जोड़ी गई ग्राम पंचायतों की कर्नाटक सहित राज्य-वार संख्या और डीबीएन की विभिन्न मोबाइल स्कीमों के तहत जोड़े गए गांवों की संख्या के साथ इन स्कीमों के अंतर्गत लंबित लक्ष्यों का विवरण डिजिटल भारत निधि की वेबसाइट (https:usof.gov.in/en/home) पर उपलब्ध है।

(घ) से (ङ) सरकार ने डिजिटल अभिगम, डिजिटल समावेशिता, डिजिटल सशक्तीकरण और डिजिटल अंतराल को पाटना सुनिश्चित करते हुए भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने के लक्ष्य के साथ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया है। इसका विवरण डिजिटल इंडिया की वेबसाइट (https:/www.digitalindia.gov.in) पर उपलब्ध है।

****